The Minister of Agriculture (Dr. P. S. Deshmukh): (a) to (c). The Government of Uttar Pradesh have reported that the police investigation into the cases referred to has yet been completed.

Action against Permanent Way Inspector, Nawadah

542. **Shri Ramam**: Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 3507 on the 6th September, 1961 and state:

(a) the details of the action taken against permanent Way Inspector, Nawadah for negligence;

(b) when sanction for employing two chowkidars was communicated by the Divisional Superintendent; and

(c) the steps taken by the Divisional Superintendent to find out why this decision was not implemented?

The Deputy Minister of Railways (Shri S. V. Ramaswamy): (a) A Charge Sheet was issued to the Permanent Way Inspector, Nawadah, in June 1961, and on receipt of his explanation, a Committee was instituted to enquire into the matter as this is incumbent according to disciplinary action rules. The Committee have since submitted their report which is now under examination.

(b) The Divisional Superintendent issued sanction for the 2 chowkidars on 10-2-61 and the Permanent Way Inspector was advised of the sanction on 17-2-61. He appointed one chowkidar on 7-3-61 and the other had not been appointed when the incident occurred on 27-3-61.

(c) The negligence in not appointing promptly the second chowkidar is one of the charges against the Permanent Way Inspector and action against him will be taken after the Findings of the Enquiry Committee have been accepted.

बिनौर स्टेशन का निर्माण

५४३. **श्री जगदीश अवस्थी** : क्या **रेलवे** मंत्री २१ अगस्त, १९६१ के अतारांकित प्रश्न संख्या ९२७ के उत्तर के सबन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य रेलवे पर झांसी और कानपुर के बीच बिनौर रेलवे स्टेशन के निर्माण के लिए कोई ठेकेदार नियुक्त कर दिया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) कब तक ठेकेदार की नियुक्ति की आशा है ; और

(घ) उक्त स्टेशन कब तक चालू हो जायेगा ?

रेलवे उपमंत्री (श्री सॅ० वॅ० रामस्वामी): (क) से (घ). स्टेशन के नक्शे और अनुमानित खर्च की मंजूरी दी जा रही है । आशा है कि काम जल्द शुरू हो जायेगा । लगभग जून, १९६२ के अन्त तक स्टेशन खोलने का विचार है ।

घौरसालार में फ्लैग स्टेशन

५४४. **श्री जगदीश अवस्थी** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे स्थित फतेहगढ़ जिले में बिल्हौर तथा उत्रीपुरा स्टेशनों के बीच घौरसालार में ठेके पर एक नया हाल्ट या फ्लग स्टेशन खोलने पर पुनर्विचार किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें अभी तक क्या प्रगति हुई है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री सॅ० वॅ० रामस्वामी): (क) और (ख). परीक्षण के रूप में इस जगह हाल्ट स्टेशन खोलने के सम्बन्ध में पूर्वोत्तर रेलवे को अक्तबर में मंजूरी दी गई

है। उसके अनुसार हाल्ट स्टेशन बनाने के सम्बन्ध में रेलवे उपयुक्त कार्वाई करेगी।

फतहगढ़ डिवीजन में बिना टिकट यात्रा

५४५. श्री जगदीश अवस्थी : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के फतेहगढ़ डिवीजन में टिकट चैकरों के लिये बिना टिकट यात्रा करने वालों से प्राप्त धन में तैंतीस प्रतिशत विशेष जुर्माना देना अनिवार्य कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इससे रेलवे को लगभग कितनी अतिरिक्त आय होने की संभावना है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठता।

कल्याणपुर स्टेशन

५४६. श्री जगदीश अवस्थी : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे स्थित कल्याणपुर स्टेशन को कानपुर की नगरपालिका सीमा में सम्मिलित कर लिया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि उस स्टेशन पर काम करने वाले कर्मचारियों को अभी तक शहर का भत्ता नहीं दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या भविष्य में उन्हें उक्त भत्ता दिये जाने का विचार है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) से (घ). कल्याणपुर में काम करने वाले रेल-कर्मचारियों को कानपुर की दर पर प्रतिकर (नगर) भत्ता और मकान किराया भत्ता देने के सम्बन्ध में आदेश दिया जा चुका है।

चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिये मकान

५४७. श्री जगदीश अवस्थी : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य रेलवे की कानपुर-झांसी ब्रांच लाइन पर स्थित भीमसेन जंकशन के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए उपयुक्त निवास-स्थान की व्यवस्था नहीं की गई है ;

(ख) यदि हां, तो कितने कर्मचारियों को क्वार्टर नहीं दिये गये हैं और उनके निवास का इस समय क्या प्रबन्ध है ; और

(ग) क्या उनके आवास की व्यवस्था करने की कोई योजना बनाई जा रही है और यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) और (ख). कुल २० कर्मचारियों में से बारह रेलवे क्वार्टर मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वे इस समय आस-पास के गांवों में रह रहे हैं।

(ग) १९६१-६२ के निर्माण-कार्यक्रम में छः क्वार्टर बनाने की व्यवस्था की गयी है।

कानपुर में क्षय रोग का अस्पताल

५४८. श्री जगदीश अवस्थी : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने कानपुर में क्षयरोग के रोगियों के लिये एक और अस्पताल खोलने के हेतु वित्तीय